<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में दो सौ तिरपन करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। आज गोरखपुर की छब्बीसवीं वाहिनी पीएसी के ग्यारह मंजिला बैरक टॉवर का करेंगे उद्‌घाटन।
- इन्वेस्टर्स समिट की पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने का है लक्ष्य। निवेशकों को आकर्षित करने के लिये सिंगापुर और जापान सहित कई देशों में होंगे रोड शो।
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल से शुरू हुआ पैंतालीस दिवसीय मुंहपका और खुरपका टीकाकरण अभियान।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल से बारिश का पूर्वानुमान, तापमान में गिरावट से मिल सकती है उमस भरी भीषण गर्मी से राहत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में दो सौ तिरपन करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के प्रथम अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सेल एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम का उद्‌घाटन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर ने स्वच्छता सर्वे में तीन से दस लाख की आबादी वाले शहरों में चौथा स्थान प्राप्त कर एक बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में स्वच्छता भी महत्वपूर्ण पहलू है।

***प्रधानमंत्री जी का जो विजन है कि स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए एक स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण के माध्यम से हमें विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है। ये विकसित भारत तभी होगा जब हर एक क्षेत्र में हम विकसित होंगे। स्वच्छता में विकसित, स्वास्थ्य में विकसित, विकास के कार्यों में विकसित। आधुनिक सुविधाओं में विकसित तकनीक में विकसित, जन सुविधाओं में विकसित ये सभी जब आधुनिक होंगे तब विकसित के लक्ष्य को हम प्राप्त करेंगे।***

मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के छब्बीसवीं वाहिनी पीएसी परिसर में ग्यारह मंजिला बैरक टॉवर का भी लोकार्पण करेंगे।

**********

प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए नए आउटरीच प्लान के तहत निवेश की नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोड–शो करने की योजना बनाई है। ये रोड शो सितंबर से अक्टूबर के बीच सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और यूएई सहित कई अन्य देशों में आयोजित किए जाएंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान पैंतीस लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद प्रदेश सरकार फरवरी 2026 में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में सितंबर से अक्टूबर के बीच सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा में रोड शो आयोजित किए जाएंगे। साथ ही दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक देश के अलग–अलग शहरों में भी रोड शो किए जाएंगे, ताकि घरेलू निवेशकों को भी इसमें जोड़कर समिट को नई ऊंचाई दी जा सके। इससे पहले नवंबर 2025 में प्रदेश सरकार पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करेगी। इसमें 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट–

***गृह मंत्रालय द्वारा श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। सोमवार को श्री जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रारंभिक गतिविधियाँ पूरी होने के बाद आयोग उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार अनुच्छेद–324 के तहत आयोग को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति पद का चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के नियमों द्वारा कराया जाता है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल लगातार तीसरे दिन विपक्ष के हंगामे के कारण आज तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष से सदन चलने की अपील करते हुए कहा कि देश की जनता उनके आचरण को देख रही है।

***सदन में तखतियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। आप जाइए सदन में बैठिए, मुद्दों पर चर्चा करिए, प्रश्नकाल पर हर मुद्दों पर, हर विषय पर, नियम प्रक्रियाओं के तहत आपको चर्चा और संवाद करने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा।***

राज्यसभा में भी ऐसी ही स्थिति बनी रही। हंगामे के बीच ही, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समुद्र में माल ढुलाई विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए पेश किया, लेकिन विपक्षी दलों के हंगामे के कारण चर्चा नहीं हो सकी।

**********

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत कल से प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुहपका और खुरपका टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गयी। पैंतालीस दिन तक चलने वाले इस अभियान में अधिक से अधिक पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य है। अमरोहा जिले में जिलाधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बहुद्देशीय प्रचार वाहन को रवाना कर अभियान की शुरूआत की। महराजगंज में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बहुद्देशीय वाहन को रवाना कर गो–आश्रय स्थलों पर टीकाकरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। देवरिया में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये। अम्बेडकरनगर, सम्भल, कासगंज सहित कई अन्य जिलों में भी बहुद्देशीय प्रचार वाहन रवाना कर टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गयी।

**********

मेरठ की कान्हा उपवन गोशाला में गोवंशों की उपेक्षा पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदेश सरकार ने दो आउट सोर्सिंग एजेंसियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, उन्नीस सौ साठ के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही लापरवाही बरतने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह तथा गोशाला के केयर टेकर और लिपिक विकास शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी माह 12 जुलाई को गोशाला की बदहाल स्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियों वायरल हुआ था।

**********

वाराणसी के बुनकर मोहम्मद हनीफ अंसारी को हथकरघा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान संतकबीर पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार उन्हें उनकी उत्कृष्ठ रंगकाट, जामदानी साड़ी के लिये दिया जायेगा। पुरस्कार समारोह सात अगस्त को नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों मोहम्मद हनीफ का सम्मान होगा।

**********

प्रसार भारती ने देशभर के सभी समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों को अपने न्यूजवायर प्लेटफॉर्म, प्रसार भारती शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट एंड डिसेमिनेशन पीबी–शब्द पर पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया है। इससे उन्हें उच्च–गुणवत्ता वाली समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में इन दिनों उमस भरी भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी और बिजली कटौती के चलते लोगों का जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग कल से प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में गरज–चमक के साथ वर्षा होने और उससे तापमान में गिरावट दर्ज होने का पूर्वानुमान जता रहा है। उधर, शामली, हापुड़, मेरठ और गाजियाबाद सहित प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कल पूरे दिन रूक–रूक कर वर्षा होती रही, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

पहाड़ों पर वर्षा होने से नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। बलिया में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, इसे देखते हुए वहां बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कल पीलीभीत में देवहा नदी में बाढ़ की आशंका को देखते हुए निरीक्षण किया और अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिये समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिये।

**********

लखनऊ में आज से चार दिवसीय अंडर–नाइंटीन राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। जिला बैडमिंटन सचिव अनिल ध्यानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर प्रदेश की टीम का चयन होगा। चयनित टीम आगामी माह में झारखण्ड में आयोजित होने वाली ईस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

**********